हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 जून 2024

06 नशा मुक्ति अभियानः थाना प्रभारी बोले- नशे से लड़ने...



07 चोरी के 6 ट्रैक्टरों के साथ 12 पकड़ाए इन्हें चार...





## खबर संक्षेप

### जिले में 110.7 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 4.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 0.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0.0, आष्टा में 6.0, जावर में 0.0, इछावर में 2.0, भैरूंदा में 21.2, बुधनी में 0.0, रेहटी में 8.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 26 जून को प्रातः 8 बजे तक 4.73 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 129.8 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 26 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 161.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 104.0, आष्टा में 85.0, जावर में 90.8, इछावर में 248.0, भैरूंदा में 50.8, बुधनी में 62.0 तथा रेहटी में 83.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### स्कूलों में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम

**सीहोर।** प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की जानकारी देने के लिये राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने 53 चयनित सरकारी स्कूलों में शुरूआत की है। यह पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है।

### इंदौर-भोपाल हाईवे पर आष्टा के ग्राम किलेरामा के पास हुई दुर्घटना

# हादसाः टैंकर में पीछे से घुसी कार भोपाल निवासी तीन लोगों की मौत

टैंकर में घुसने के बाद कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले के आष्टा में इंदौर-भोपाल हाईवे पर किलेरामा के पास हादसा हो गया। हादसे में तेज रफ्तार कार पीछे से दूध के टैंकर में जा घुसी और बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा मंगलवार रात 12 से 1 बजे के बीच हुआ। इस हादसे में कार सवार भोपाल के 3 लोगों की मौत हो गई।

### टैंकर में घुसने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार

बताया जा रहा है कि इंदौर-भोपाल हाईवे पर किलेरामा के पास भोपाल से इंदौर की ओर जा रहे एक दूध के टैंकर में पीछे से तेज गति से आ रही कार घुस गई। टैंकर में घुसने के बाद कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि देर रात ये घटना घटित हुई है।

**भोपाल से इंदौर जा रहा था टैंकर :** इस घटना में कार में सवार महेश ठाकुर, रूपसिंह और सुनील की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों ही भोपाल के रहने वाले थे। उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर इन सभी के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। पीएम के बाद इन सभी के शव को परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि पार्वती थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। मिश्रा ने बताया कि जिस दूध के टैंकर में ये कार पीछे से घुसी वह भी भोपाल से इंदौर की ओर जा रहा था।



# पुलिस ने एक साथ किया दो अलग-अलग चोरी का खुलासा

### आरोपी के कब्जे से टैबलेट व नकदी 10 रुपए जब्त आरोपी सूने घरों पर करते थे चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने में सफला प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी गणेश मीना निवासी गुलाब विहार कॉलोनी भैरुंदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ घर पर ताला लगा कर अपने ससुराल जिला देवास गया था। 30 अप्रैल के दोपहर करीब 12.30 बजे घर आकर देखा पाया कि पलंग पेटी के अंदर रखे नकदी 70 हजार रुपए नहीं थे। कोई अज्ञात चोर घर सूना देखकर रुपए चोरी कर ले गया। वहीं 23 जून को फारियादी रामदयाल निवासी भाईलाल कॉलोनी ने थाना में जाकर मामला दर्ज कराया और 13 मई को सुबह अपने परिवार के साथ बाहर शादी में गया था। जब वह 15 मई को दोपहर घर आकर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था। जिसके अंदर रखे सोने के जेवर, एक मोबाइल टेबलेट चोरी कर ले गए। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने चोरी की गई समग्री की तलाश व अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरुंदा निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की गई।

24 जून को मुखबिर की सूचना पर आरोपी आयान खान पिता मुबारिक खान उम्र 19 साल निवासी मियां मोहल्ला के पास से से चोरी की गई समग्री, एक लेनेवो कंपनी का टेबलेट व नगदी 10 हजार रुपए आरोपी के पास से जब्त किए गए। आरोपी ने बताया गया कि घटना में उसका एक अन्य साथी भी शामिल हैं। जिसके साथ मिलकर उसने चोरी की थी बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भैरूंदा पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

# महिलाओं ने खेतों में हल-बखर चलाकर किया टोटका, अच्छी बरसात के लिए इंद्र से की प्रार्थना

**सीहोर।** वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई है, कई किसानों ने बोवनी भी कर दी है, परंतु बरसात नहीं होने के कारण किसानों में बेचेनी का महौल बना हुआ है। जिसको लेकर जिससे जो बन रहा है, वह उसी प्रकार इन्द्रदेव को मनाने में लगा हुआ है।

इसी कड़ी में अच्छी वर्षा के लिए महिलाओं ने खेत में हल-बख्खर चलाकर टोटका करते हुए इंद्रदेव भगवान को मनाने के लिए खेतों में हल-बखर चलाते हुए इंद्रदेव भगवान को अपनी देहाती भाषा में गीत गाते हुए प्रार्थना की है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में भी पानी बरसा दीजिए। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा का कहना है कि



पुराने जमाने में जब वर्षा नहीं होती थी तो ग्रामीण महिलाएं अपने-अपने खेतों में हल-बखर चलाते हुए अनूठे तरीके से टोटका करते थे एवं इंद्रदेव भगवान को मनाते थे और ईश्वर की ऐसी कृपा थी कि अच्छी वर्षा होने लगती थी। दूर दराज में बसे गांवों में बस बुंदा-बांदी ही हुई परन्तु अच्छी बरसात नही हुई है। जिसको लेकर किसान चिंतित है और ग्रामीण महिलाओं के द्वारा अपने-अपने खेतों में हल-बखर चलाकर, भजन गाते हुए इंद्रदेव भगवान की प्रार्थना की जा रही है।

ग्रामीण महिलाएं तरह-तरह का टोटका करके गीत भजन गाते हुए पुराने जमाने की परंपरा के अनुसार इंद्रदेव भगवान से प्रार्थना कर रही है कि इंद्रदेव भगवान हमारे ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट है इस समय पीने के पानी का भी संकट है और हमारे इधर बरसात नहीं हुई है। अभी खेतों की बोनी भी नहीं हुई है हुए ट्यूबवेल, कुओं, नदी आदि सुखे पड़े हैं। हम पर कृपा कीजिए ऐसी महिलाओं ने गीत भजन गाते हुए इंद्रदेव भगवान की प्रार्थना की है और अच्छी वर्षा करने की कामना इंद्रदेव भगवान से की गई है।

### लोकायुक्त ने रिश्वत लेते हुए पटवारी को रंगे हाथ पकड़ा

### रिकॉर्ड अपडेट करने के लिए किसान से 25 हजार मांगे थे



**रेहटी।** बुधवार को लोकायुक्त पुलिस ने एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी पटवारी ने किसान से बटान, सीमांकन और खसरा अपडेट करने के नाम पर 25 हजार रूपए की मांग की थी। 15 हजार रूपए लेते समय लोकायुक्त ने उसे रंगे गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि बुधवार को लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने सीहोर जिले की रेहटी तहसील में राजस्व विभाग के पटवारी सचिन यादव को 15 हजार रुपयों की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आवेदक अधिवक्ता एवं किसान ने लोकायुक्त भोपाल के एसपी मनु व्यास को शिकायत की थी कि उसकी खेती की एक एकड़ 20 डिसमिल जमीन ग्राम बोरदी तहसील रेहटी में है। जिसकी रजिस्ट्री तथा नामांतरण की कार्रवाई तहसीलदार रेहटी से वह करवा चुके हैं। इस जमीन के बटान, सीमांकन और खसरा अपडेट करवाने के लिए आवेदक से प्रभारी पटवारी सचिन यादव ने 25 हजार रुपयों की रिश्वत की मांग की है। शिकायत पर एसपी लोकायुक्त ने दल गठित किया था। जिसने रिश्वत लेते हुए प्रभारी पटवारी सचिन यादव (40) को पकड़ लिया। जैसे ही रिश्वत की यह राशि आरोपी ने तहसील कार्यालय रेहटी मे अपने कार्यालय के सामने परिसर में शिकायतकर्ता से ली तो शिकायतकर्ता का इशारा देखते ही लोकायुक्त टीम ने पटवारी को धर दबोचा और पटवारी के हाथ धुलवाए गए। लोक आयुक्त दल में डीएसपी अनिल बाजपेई, निरीक्षक रजनी तिवारी, प्रधान आरक्षक राजेंद्र पावन, प्रधान आरक्षक रामदास कुर्मी, आरक्षक मनमोहन साहू, हेमंत ठाकुर व हिम्मत सिंह शामिल रहे।

# सात जुलाई को आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी रथयात्रा, श्रद्धालुओं के द्वारा खींचा जाएगा रथ

**सीहोर।** इस साल भी जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इस मौके पर शहर के छावनी स्थित मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और आगामी सात जुलाई को शहर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर में समाजजनों की एक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें आगामी दिनों में होने वाले भव्य आयोजन को लेकर चर्चा की गई।



नगर भ्रमण पर रथ में बलदाऊ भैया, बहन सुभद्रा के साथ जगतपति जगन्नाथ स्वामी को विराजमान किया जाएगा और उसके बाद शहर के छावनी से मंडी तक करीब तीन-चार किलोमीटर मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इस वर्ष रथ को खिचने का इंतजाम किया गया है। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन रथों पर सवार होते हैं। सुबह मंदिर परिसर में विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा और उसके पश्चात रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज की ओर से शिव परमार मुरली, जेपी परमार, विष्णु परमार रोलूखेड़ी ने बताया कि भव्य आयोजन को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष सूरज प्रसाद परमार, मंडलोई चंदर सिंह पर, पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल आदि की सहमति से इस बार जगदीश मंदिर समिति का अध्यक्ष अनार सिंह परमार और रथ यात्रा चल समारोह का अध्यक्ष हरीश परमार को बनाया गया है। इस मौके पर आगामी सात जुलाई को सुबह मंदिर में भगवान का अभिषेक और पूजा अर्चना के पश्चात रथ यात्रा आरंभ की जाएगी।

# सरकारी स्कूल में नहीं पानी की व्यवस्था : परिसर में लगे दोनों बोर बंद, प्राचार्य बोले मैं बच्चों के लिए घर से लाता हूं दो कैन पानी

**सीहोर।** जनपद पंचायत के ग्राम जता खेड़ा हाई स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्कूल बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल में छात्र-छात्राओं की संख्या 170 है। शासकीय हाई स्कूल ग्राम जता खेड़ा के प्राचार्य मुकेश दुबे ने बताया कि स्कूल परिसर में दो बोर लगे हुए हैं, एक बोर में हैंडपंप लगा हुआ है और एक बोर में ट्यूबवेल पंप डाला हुआ है, लेकिन दोनों बोर में पानी नहीं है। दोनों जल स्त्रोत सूखे हैं, इस कारण से स्कूल के अंदर स्कूल स्टाफ व बच्चों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।



**घर से लाते हैं दो केन पानी :** प्राचार्य मुकेश दुबे ने बताया कि मैं स्वयं अपनी कार में दो पीने के पानी की केन अपने घर से भर कर लाता हूं जो की बच्चों की संख्या 170 व स्टॉप के द्वारा कुछ ही समय में खत्म हो जाता है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत जता खेड़ा सरपंच कैलाश वर्मा व हमारे शिक्षा विभाग को भी पानी की समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं हुई है। वहीं, हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत सरपंच कैलाश वर्मा व शासन से मांग है कि शासकीय हाई स्कूल जता खेड़ा में जब तक स्थाई रूप से पानी की व्यवस्था नहीं होती तब तक हमारी मांग है कि अस्थाई रूप से स्कूल के अंदर पानी का टैंकर उपलब्ध कराया जाए।

### गगन जनसेवा समिति के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया था

# निःशुल्क कान, नाक, गला जांच शिविर आयोजित 300 रोगियों की हुई फ्री जांच व दवाई भी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क रूप से स्वास्थ्य की जांच, भोजन-प्रसादी और शीतल पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है।

इसके अंतर्गत बुधवार को गगन जनसेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया था। स्वयं गुरुदेव इस मौके पर उपस्थित रहे और यहां पर मौजूद विठलेश सेवा समिति की ओर से व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा, मनोज



दीक्षित मामा, सौभाग्य मिश्रा, यश अग्रवाल, रविन्द्र नायक, भूपेन्द्र शर्मा, सतीश सेन, बंटी परिहार आदि ने शिविर में शामिल हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एलएन नामदेव, डॉ. प्रिया सोनी, प्रीतम वर्मा, अरविन्द योगी और दीपक वर्मा आदि शामिल थे। बुधवार की सुबह नौ बजे से एक दिवसीय निशुल्क कान, नाक, गला जांच शिविर आयोजित किया। शिविर मे 300 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की गई। डॉ. नामदेव ने नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञों ने मरीजों के कान नाक व गले की जांच कर परामर्श दिया और निशुल्क दवाईयों का वितरण किया।

**हर सप्ताह आयोजित होता शिविर :** समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि यहां पर धाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना तो की गई है। इसके अलावा हर सप्ताह समिति के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बुधवार को भी यहां पर निशुल्क नाक, कान और गले के अलावा दंत चिकित्सकों के द्वारा जांच और दवाई का वितरण किया गया था। यहां पर आने वाले ज्यादातर मरीज कान बहना, कान के पर्दे और नस में दिक्कत, चक्कर आना, कम सुनना, नाक बंद होना, नाक से खून आना, बार-बार छींके आना, नाक की हड्डी और मांस बढन्ना आदि समस्याएं थीं। मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि ज्यादातर मरीजों में दांतों में पायरिया, मसूड़ों में सडन्न, मुख में दुर्गंध आना, दांतों में ठंडा-गर्म लगना आदि समस्याएं थीं।

### आरटीई की लॉटरी नहीं खुली, 258 बच्चे वंचित

**सीहोर।** सरकारी स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई है और बच्चे भी स्कूल जाने लगे हैं। लेकिन आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए दूसरे चरण के अते-पते नहीं हैं। करीब ढाई महीने बाद भी दूसरे चरण की लॉटरी नहीं खुल सकी है। इस दूसरे चरण में जिले में 258 विद्यार्थियों को प्रवेश मिलना था।

बता दें कि सभी निजी स्कूलों में गरीब और कमजोर वर्ग के लिए करीब 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाती हैं। लेकिन दूसरे चरण की लॉटरी नहीं खुलने से अभिभावकों को इन गरीब बच्चों को दूसरे स्कूल में एडमिशन दिलाकर पढ़ाना पड़ रहा है। निजी स्कूलों में नया सत्र शुरु होने के साथ ही आरटीई में भी एडमिशन हो सकें, इसके लिए फरवरी के आखिरी दिनों से ही एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन निजी स्कूलों के हाई कोर्ट में जाने के कारण एडमिशन प्रक्रिया बीच में ही रुक गई है।

यही वजह है कि आरटीई के दूसरे चरण की लॉटरी ही नहीं खुली है। सीहोर जिले में भी दूसरे चरण में 258 सीटों के लिए लॉटरी खोलना थी। लेकिन अब लॉटरी कब खुलेगी इस संबंध में स्थानीय अधिकारी भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। बता दें कि इस साल आरटीई के तहत गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश संबंधी आदेश में प्रशासन ने कहा गया था कि गैर-सरकारी स्कूलों द्वारा धारा 12 (1) (सी) के तहत आरटीई प्रवेश के लिए सीटें यूडीआईएसई डेटा सत्र 2023-24 के लिए स्कूल द्वारा दर्ज किए गए औसत नामांकन (नर्सरी से कक्षा 1 तक) के आधार पर निर्धारित की जाएगी। इसमें कहा गया था कि 2024-25 के लिए क्लास वन में 25 फीसदी सीटें निशुल्क प्रवेश के लिए आरक्षित होंगी। लेकिन निजी स्कूल संचालक इस बात का विरोध जता रहे थे। उनका कहना है कि प्रवेश स्तर की कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण देने का नियम है।

## खबर संक्षेप

### बिजली कार्मिक 24X7 फोन पर उपलब्ध रहे

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निरंतर विद्युत आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिये कंपनी कार्यक्षेत्र के 16 जिलों के बिजली कार्मिकों को 24 घंटो 7 दिन अपने फोन चालू रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। बारिश, आँधी, तूफान आदि के कारण विद्युत लाइनों में खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने की संभावना होती है। इस दौरान आई खराबी एवं विद्युत लाइनों को दुरूस्त करने में काफी समय लग जाता है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को निरंतर विद्युत आपूर्ति किए जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

### गैर घरेलू कनेक्शन के लिए स्वैच्छिक आवेदन करें

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें कंपनी ने सलाह दी है कि वे विद्युत वितरण कंपनी के संबंधित कार्यालय में जाकर अथवा कंपनी पोर्टल portal.mpcz.in अथवा UPAY app अथवा Urjas portal के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें। कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि के यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू (लाइट और फैन) का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें।

### अस्थिबाधितार्थ उमावि में प्रवेश के आवेदन 31 तक

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शासकीय अस्थिबाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परदेशीपुरा समाज कल्याण परिसर इन्दौर ने शासकीय दिव्यांग बालकों को जो 6 वर्ष एवं अधिक आयु समूह के हो, उन्हें नियमानुसार कक्षा 1वीं से 8वीं शिक्षण के लिये प्रवेश दिया जाना है। सत्र 2024-25 के लिये प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के लिये अर्हताओं में कक्षा 1 में आयु सीमा 6 वर्ष अधिक अथवा कक्षा अनुसार, शैक्षणिक योग्यता अंतिम उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र, कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता होना आवश्यक है।

### किसानों से ई-खसरा खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये हैं, जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

---

कलेक्टर गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

# रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम से 200 करोड़ लीटर पानी बचाने का लक्ष्य तयः कलेक्टर

जिले में वन विभाग द्वारा 17 लाख पौधे लगाये जायेंगे, देवास में माताजी टेकरी और शंकरगढ़ पहाडी पर 30 हजार पौधे लगाये जायेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने देवास जिले में चलाए जा रहे क्षिप्रा शुद्धिकरण, जल संरक्षण, अमृत संचय (रुफ रेन वाटर हॉर्वेस्टिंग), सीड बॉल/पौधरोपण अभियान में किये जा रहे और किये जाने वाले कार्यो की पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में क्षिप्रा शुद्धिकरण कार्य किया जा रहा है। सिंहस्थ-2028 में क्षिप्रा में शुद्ध पानी मिले, इसलिए अभियान चलाकर शुद्धिकरण कार्य किया जा रहा है। नालों का गंदा पानी क्षिप्रा में नहीं मिले इसलिए स्टॉप डेम बनाये जा रहे है। गांव-गांव लीज पीट सिस्टम बनाया जा रहा है।

गुप्ता ने कहा कि नालों के आसपास से अतिक्रमण हटाने के लिए की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण हटाकर नालों के दोनों और 50-50 मीटर तक पौधरोपण कार्य किया जा रहा है। नालों के आसपास शासकीय भूमि पर ब्लॉक प्लांटेशन किया जायेगा। निजी भूमियों पर नन्दन फलोद्यान योजना के तहत पौधा रोपण किया जायेगा। नालों के 10 मीटर तक पानी सहजने वाले पौधे लगाये, उसके बाद अन्य फलदार/छायादार पौधे लगाये। पौधा रोपण के लिए 104 ग्रामों में मुहिम चलाई जा रही है। गांवो में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जा रहे है। एक हजार स्क्वेयर मीटर की छत एक लाख लीटर पानी भूमि में पहुंचाती है। अमृत संचय अभियान का उद्देश्य पानी बचाना है। अभियान के तहत भूमिगत पानी को बढाने की कार्यवाही की जा रही है। रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम संबंधी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा की रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम से 200 करोड लीटर पानी बचाने का लक्ष्य रखा गया है। हम अभी 60 करोड लीटर पानी बचाने के लक्ष्य तक पहुंच गये है।

जिले में वन विभाग द्वारा 17 लाख पौधे लगाये जायेंगे। वन विभाग द्वारा देवास में माताजी टेकरी और शंकरगढ़ पहाडी पर 30 हजार पौधे लगाये जायेंगे। वन विभाग द्वारा जिले में सस्ती दर पर पौधे नागरिकों को उपलब्ध कराये जायेंगे। सीडबॉल बनाने के लिए स्कूलों में वर्कशाप की जा रही है। स्वसहायता समूह और स्कूली बच्चों द्वारा 20 लाख सीडबॉल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर गुप्ता ने मियावाकी पद्धिति से पौधरोपण करने संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम मियावाकी पद्धिति से पौधरोपण कर सकते है। जिले में मेरा स्कूल-स्मार्ट स्कूल अभियान शतप्रतिशत पूर्ण हो गया है। जिले की सभी स्कूलों में अभियान के तहत स्मार्ट टीवी प्राप्त हो गई है। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि सीएमएचओ कार्यालय में 4 करोड 26 लाख 69 हजार रूपये का भुगतान अनियमित तरीके से हुआ है।

# रेड क्रॉस के शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा बैंक नोट प्रेस देवास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक नोट प्रेस देवास के 50 से अधिक कर्मचारी, अधिकारियों, सीआईएसएफ के जवानों ने रक्तदान किया। कमल सिंह चौहान ने बताया कि सर्वप्रथम शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीएनपी मुख्य महाप्रबंधक एस महापात्र एवं विशेष अतिथि महाप्रबंधक के. एन. महापात्र एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के समादेष्टा शिवरतन मीणा ने किया।

इस अवसर पर डॉक्टर पीयूष आचार्य एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉक्टर डॉ के.के. धूत ने मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और रक्तदान के संबंध में फैली भ्रांतियां को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया व रक्तदान के बारे में अनेक जानकारियां दी। मुख्य महाप्रबंधक ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदान से संग्रहित रक्त को जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही खून की कमी से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता कर मानव से सेवा के इस पुनीत कार्य में सभी को भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर विशेष रूप से संयुक्त प्रबंधक मानव संसाधन सुनील दुपारे, संयुक्त प्रबंधक वित्तीय एवं लेखा विवेक सिंह, प्रबंधक मानव संसाधन सिद्धार्थ श्रीवास्तव, रेड क्रॉस सोसाइटी के आरसी पालीवाल, एमएल गगरानी, नोडल अधिकारी डॉक्टर जय सिंह सेंधव, सरदार सिंह राठी, डॉक्टर भूपेंद्र फगवा, मुख्य सतर्कता अधिकारी अमित सिंह यादव, जेजीएम प्रदीप शर्मा उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति अभियानः थाना प्रभारी बोले- नशे से लड़ने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भैरुंदा




पुलिस मुख्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार भैरूंदा उपजेल में नशामुक्ति जनजागृति अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम किया गया। जिसमें जेल के बंदियों को नशे से दूर रहने, नशे के कुप्रभाव के बारे में बताया गया। सभी को नशे ना करने की शपथ दिलवाई गई।थाना प्रभारी ने इस अवसर पर नशा त्यागने की शपथ दिलाई बता दें कि जेल में कैदियों को नशे से होने वाले नुकसान और त्याग के बाद फायदे की बात बताई गईं। कैदियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें जेल में अच्छी शिक्षा दी जा रही है और नशे के त्याग करना स्वास्थ्य के साथ समाज में अच्छा परिणाम लाएगा।

कार्यक्रम की सराहना करते हुए लोगो ने कहा कि हम घर परिवार से लेकर समाज के लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक करेंगे। इससे बहुत नुकसान होता है। हम पूरा प्रयास करेंगे कि समाज को इस नशे से बचाया जाए। लोगो ने कहा हमें बहुत मुश्किल से मनुष्य का जन्म मिला है। हमें आज अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित किया गया। शराब, गांजा, बीड़ी-सिगरेट आदि का त्याग करने की प्रेरणा मिली साथ ही जीवन में इसका दुष्प्रभाव है उसकी भी जानकारी दी गई। केदियो ने बताया हम बहुत खुश हैं,हम जेल में रहकर भी अच्छी शिक्षा हासिल कर रहे हैं। कैदियों ने यह भी कहा कि 'कोई जेल किसी के पास नहीं जाता, हम खुद जेल के पास आते हैं। यहां आकर हम अपनी गलतियों का अहसास करते हैं। हम नशे का त्याग कर समाज में अच्छा जीवन व्यतीत कर सकते हैं। थाना प्रभारी ने कहा कैदियों को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बंदी नशा मुक्ति के तरफ अग्रसर हों, इसलिए इस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जेल कैम्पस लोगो तथा में हमारे बंदियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और काफी उत्साहित थे। काफी बंदियों ने कहा हम इसका जीवन से त्याग करेंगे, साथ ही अपने परिवार को इससे होने वाले नुकसान भी बताएंगे। कार्यक्रम में थाना प्रभारी घनस्याम दांगी, पूजा राजपूत सहित पुलिस कर्मी के साथ जेल का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# भाजपा ने आपातकाल की बरसी पर मीसा बंदियों का किया सम्मान




**सीहोर।** शहर के लीसा टाकीज स्थित सीहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश राय के कार्यालय पर भाजपा कार्यालय में मीसा बंदियों का किया सम्मान किया गया। इस मौके पर यहां पर वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल पहले भी संविधान की हत्या की थी और आज भी जनता को संविधान के नाम पर गुमराह कर रही है।

मंगलवार को विधायक कार्यालय पर आपातकाल लगने के 50 साल बाद भी जनता को आपातकाल में दी गई यातना याद है मीसा बंदी रहे हरदयाल सक्सेना एडवोकेट मानसिंह पवार स्वर्गीय सुदर्शन महाजन के पुत्र सन्नी महाजन स्वर्गीय नरेंद्र कुमार चौरसिया के पुत्र मोहन चौरसिया स्वर्गीय बालकृष्ण नामदेव के पुत्र मोनू नामदेव स्वर्गीय कस्तूरचंद परिहार के पुत्र राजेश परिहार का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं भाजपा नेताओं ने माला पहनाकर सम्मान किया सभी ने अपने संस्मरण सुनाए इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता ने आपातकाल की याद दिलाते हुए काले कपड़े पहनकर जंजीर में बधकर आपातकाल की याद दिलाई कार्यकर्ताओं को भाजपा नेता मायाराम गौर कमलेश कटारे सनी महाजन मानसिंह पवार ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र राठौर ने किया। कार्यक्रम में अशोक सिसोदिया सुनील लोवानिया प्रदीप बिजोरिया डॉक्टर गगन नामदेव कन्हैयालाल मालवीय हरीश राठौर बृजमोहन सोनी गोपाल सोनी सुनील राय युवा मोर्चा अजय दिनकर, प्रमोद त्यागी महेश पारीक आशीष पचौरी राजेश परिहार सोनू चंद्रवंशी तुलसीराम सेन राजेश वर्मा एडवोकेट लीलाधर गुर्जर अनुप चौधरी सुदीप प्रजापति विजय यादव हर्ष ताम्रकार समीर सेन तुषार सोनी बाटा पुरु चांडक नरेंद्र राजपूत पार्षद प्रदीप गौतम कमलेश कुशवाहा राहुल राय मुकेश मेवाडा दिनेश कुशवाह, दीपांशु राठौर नट्टू, पप्पू अर्जुन राठौर रामचंद्र पटेल मांगीलाल मालवीय सुनील राठौर मंडी गुलशन जैन रमेश राठौर पूर्व पार्षद नट्टू राठौर आशीष विश्वकर्मा महेश कोली सहित महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सीमा परिहार हर्षा राठौर रेखा चौरसिया नूतन राठौर अर्चना चौहान सोनू ठाकुर ज्योति पांडे प्रेमलता राठौर पुष्प लता राठौड़ सीमा सक्सेना सीमा शर्मा मिथिलेश राठौर अनीता बाई आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे आभार नगर मंत्री गुलशन जैन द्वारा किया गया।

## घर-घर पहुंचेगा पानीः अब ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी, पहले पानी के लिए होना पड़ता था परेशान

**सीहोर।** जिले के ग्राम चितावलिया वन में प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन डाली जा रही है। इससे घर-घर नल के माध्यम से कनेक्शन दिए जाएंगे। ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। उन्हें पहले पानी भरने के लिए काफी परेशान होना पड़ता था। गांव के घर-घर तक पानी पहुंचाने के लिए गांव की गलियों में जेसीबी से खुदाई की जा रही है। खोदी गई जगह पर प्रधानमंत्री नल जल योजना की पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इससे गांव के हर घर में कनेक्शन दिए जाएंगे। लोगों को घर पर ही पानी मिल सकेगा।

**टंकी से सप्लाई होगा पानी :** गांव के कैलाश जाट, बलराम पटेल, रामरतन प्रजापत कमलेश प्रजापति, पप्पू पटेल, मोहन राठौर, रमेश जाट, नानूराम सेन, जगदीश जाट, लक्ष्मण सिंह पटेल आदि ने बताया कि हमारे गांव के अंदर पीने के पानी की बहुत समस्या थी।

सरकार ने हमारी समस्या का समझते हुए हमारे गांव में पानी की टंकी बनाकर पूरे गांव के अंदर लाइन बिछाकर घर-घर पानी का कनेक्शन दिया जा रहा है। अब हमें पानी भरने के लिए यहां वहां नहीं भटकना पड़ेगा।

**गर्मियों में दूर से पानी लाते हैं ग्रामीण :** बता दें कि पहले ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ता था। गर्मी के समय में लोग पानी भरने के लिए घंटों तक हैंडपंपों पर इंतजार करते थे। कई लोग काफी दूर से पानी भरकर अपने घर ले जाया करते थे। घर-घर नल कनेक्शन मिलने से उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### थाना भैरुंदा पुलिस ने पकड़ा 10 साल से फरार स्थाई वारंटी



**भैरुंदा।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा फरार आरोपी एवं वारंटी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था, सीहोर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में पुलिस थाना भैरूंदा स्टाफ द्वारा न्यायालय भेरूंदा द्वारा जारी एसपीएल न. 647/14 में पिछले 10 साल से फरार स्थाई वारंटी जितेन्द्र योगी उर्फ गोलू पिता सुवालाल योगी उम्र 32 साल निवासी भादाकुई को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से वारंटी को जेल भेजा गया।

# पोलियो अभियान को लेकर वार्ड 25 में बच्चों को पार्षद ने पिलाई दवाई

**सीहोर।** पोलियो दिवस के अवसर पर वार्ड क्र 25 की आंगनबाड़ी में बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। सर्वप्रथम क्षेत्रीय पार्षद मुकेश मेवाड़ा द्वारा बच्चों को दवाई पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर महिलाएं एवं बच्चे उपस्तिथत रहे।



डीजे, ढोल-ताशे और भोलेनाथ की झाकियों के साथ निकाली जाएगी कांवड़ यात्रा

# 17 अगस्त को कावड़ यात्रा बनाएगी इतिहास, भगवा रंग में सराबोर हो जाएगा शहरी और ग्रामीण इलाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

'गलवार की शाम को कुबेरेश्वरधाम पर आगामी भव्य आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने प्रदेशभर से आए इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया सहित अन्य पत्रकारों से भेंट करते हुए बताया कि जुलाई माह में हर साल की तरह इस साल भी भव्य रूप से गुरु पूर्णिमा का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसके अलावा अगस्त माह पर भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए शहरी क्षेत्र के अलावा अन्य स्थानों पर पेयजल और भोजन सहित अन्य का इंतजाम किया जाएगा।

भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा ने प्रेस से चर्चा करते हुए बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी कुबेरेश्वरधाम पर सात दिवसीय



शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। कथा 14 जुलाई से 20 जुलाई तक जारी रहेगी और इसके पश्चात 21 जुलाई को यहां पर आने वाले श्रद्धांलुओं को दीक्षा देने का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 17 अगस्त को कांवड़ यात्रा के बारे में बताया गया।

निकाली जाने वाली भव्य यात्रा में आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के सौ से अधिक ढोल-बाजे, भगवान शंकर के डमरू और डीजे आदि के साथ पूरे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को भगवा रंग से सराबोर कर दिया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की आन, बान और शान भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा स्वयं शामिल रहेंगे। इस मौके पर डीजे, ढोल-ताशे और भोलेनाथ की झांकियों के साथ कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीण युद्ध स्तर पर तैयार है। इस बार की कावड़ यात्रा अपने आप में एक भव्य यात्रा रहेगी। इसमें सैकड़ों की संख्या में कांवड़िए शामिल होंगे। भगवा कपड़े पहने भक्तों के कंधे पर कांवड़ होगी। बोलबम के नारे के साथ कावड़िए शहर की जीवनदायनी सीवन नदी के तट पर पहुंचकर सुबह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगे। करीब 11 किलोमीटर से अधिक भव्य कावड़ा यात्रा का ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। कावड़ यात्रा के दौरान भगवान शिव का भव्य जलाभिषेक किया जाएगा।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के सीवन नदी तट से शहर के इतिहास में पहली बार निकाली जाने वाली इस भव्य कावड़ यात्रा को लेकर ग्रामीणों और शहरी श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार है। शहर के नदी चौराहा, कोतवाली चौराहा, इंदौर नाका, राधेश्याम विहार कालोनी, सोया चौपाल सहित अन्य स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ कावड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा।

## सीहोर क्लब ने आष्टा मिलन स्पोर्ट्स को कांटे की टक्कर में 1-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में अंडर-07 से लेकर अंडर-12 तक के बच्चों के लिए महा खेल कुंभ के नाम से बेबी लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन रोमांचक मैच खेले जा रहे है। प्रतियोगिता प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया और कोच विपिन पवार आदि ने खिलाडियों का पुरस्कार वितरण किए।

मंगलवार को तीन मैच खेले गए थे। इसमें अंतिम मुकाबला कांटे का रहा। इस कांटे के मुकाबले में सीहोर क्लब की टीम ने आष्टा मिलन स्पोट्र्स को 1-0 से हराया। इस रोमांचक मैच दोनों ही टीम अंतिम समय तक बिना किसी गोल के थी, लेकिन सीहोर क्लब के मोहित के शानदार एक गोल की मदद से यह



जीत हासिल हुई। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला नोडल स्पोट्र्स और एमजी क्लब के मध्य खेला गया। इसमें नोडल स्पोट्र्स ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया। इस मैच में नोडल की ओर से वंश ने दो गोल किए थे। इधर एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज और इछावर के मध्य खेला गया। यह मुकाबला एक तरफा रहा। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की टीम ने 3-0 से इछावर को हराया। इसमें अर्थव, अरफाद और आकृति गौर ने एक-एक गोल किए थे।

## ट्रैक्टर मालिकों ने पुलिस का किया अभिनंदन, 8 आरोपियों की तलाश जारी

# चोरी के 6 ट्रैक्टरों के साथ 12 पकड़ाए इन्हें चार राज्यों से ढूंढकर लाई पुलिस

### चोरी के माल को एक नंबर में करने राजस्थान आरटीओ की संलिप्तता भी उजागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गंभीर अपराधों की पड़ताल में लगी जिला पुलिस ने चोरी की वारदातों के संबंध में एक और बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने राजस्थान, यूपी, हरियाणा, पंजाब राज्यों में पहुंचकर जिले के विभिन्न थानों से चुराए गए 6 ट्रैक्टरों को पकड़ा है। इसके साथ ही चोरों समेत माल के खरीदार और मामले में संलिप्त 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही चोरियों की घटनाओं में शामिल 8 आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस की टीमें लगातार उन्हे खोजने में लगी हुई हैं। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने मंगलवार अपरान्ह अपने दफ्तर में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। बरामद हुए माल की कीमत लगभग 42 लाख रुपए बताई जा रही है।

#### इन थानों से चोरी हुए थे ये 6 ट्रैक्टर्स

गत 4 मार्च की दरम्यानी रात्रि खिलचीपुर थाने के ग्राम अंबावता, 4 अप्रैल को सुठालिया थाने के ग्राम गोरधनपुरा, 27-28 फरवरी को नरसिंहगढ़ के संजय नगर से ट्रैक्टर चुराए गए थे। वहीं तलेन क्षेत्र में दो ट्रैक्टर्स को अमानत मे खयानत कर गायब कर दिया गया था। इन्हीं ट्रैक्टर्स को पुलिस विवेचना के दौरान आरोपियों, खरीदारों से पकड़कर लाई है।

#### वारदात का तरीका, आरटीओ कर्मचारी भी शामिल

*घटना से चार-पांच दिन पहले गिरोह के सदस्य रैकी करते थे। रैकी के बाद चोरी का स्थान व ट्रैक्टर चिन्हित करके राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, यूपी में इन ट्रैक्टरों के इंजन नंबर और चेचिस नंबर बदलकर सस्ते दामों में भेज दिया करते थे। एसपी आदिया मिश्रा ने बताया की चोर गिरोह थ्री लेयर सिस्टम से चोरी करके माल को ठिकाने लगाता था। कुछ आरोपी वारदात को अंजाम देते थे। बाहरी राज्यों के पूर्व निर्धारित लोग उन्हें खरीदते थे वहीं राजस्थान के सवाई माधोपुर आरटीओ के कुछ कर्मचारी चोरी के ट्रैक्टर की आरसी (रजिस्ट्रेशन) ओके करवाते थे। ऐसे में चोरी के ट्रैक्टर को कोई पकड़ नहीं पाता था। हालांकि, इस बार ये लोग आरटीओ के जरिए यह सब करवा पाते, उसके पहले ही पुलिस ने सभी को दबोच लिया।*

#### ये हैं वे 12 शातिर लोग जो वारदातों में शामिल

*पकड़ाए गए आरोपियों में जसवीर पिता रेशम सिंह निवासी मनसा पंजाब, मुस्ताक पिता इस्माइल निवासी मीराबस्ती थाना कैथुन जिला कोटा राजस्थान, आदिल पिता अजीज खान निवासी अप्पूखेड़ी जिला झालावाड़ राजस्थान, बिलाल खान मेवाती निवासी बामन गांव थाना डांगीपुरा राजस्थान, काशीराम भील निवासी मोगियावे थाना डांगीपुरा जिला झालावाड़ राजस्थान, दीवान भील निवासी मोगियावे, प्रगट सिंह पिता सादा सिंह निवासी अबोहर पंजाब, आसिफ पिता अंसार अहमद अंता जिला बारा राजस्थान, मनोज पिता लक्ष्मी नारायण राठौर निवासी बारां राजस्थान, आबिद पिता अमीन खान बरसाना जिला मथुरा उत्तर प्रदेश, जीतराम पिता नाथूलाल मीणा लालसोट जिला दोसा राजस्थान, मोनू उर्फ मंटू पिता घनश्याम मीणा निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान शामिल है।*


#### अन्य आरोपियों को तलाश रही पुलिस

*उक्त 12 आरोपियों के साथ ही चोरी की घटनाओं में शामिल 8 से 9 अपराधी ऐसे भी हैं जो अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इन सभी आरोपियों के संबंध में पुलिस जानकारी जुटाते हुए उन्हें पकड़ने के भरसक प्रयास कर रही है एसपी मिश्रा ने बताया की पुलिस की टीमे जल्द ही फरार आरोपियों को भी अपनी गिरफ्त में ले लेगी।*

# 5 दिन निकले, नहीं हो पाई दबंगों पर एफआईआर दर्ज

### पीड़िता से बोला - मामला दर्ज कराया तो जा सकती है नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



देश भक्ति और जन सेवा को चरितार्थ करने का वादा करने वाली पुलिस जब नेताओं के इशारे पर काम करने लगे तो पीड़ित का भगवान ही रखवाला है। मामला राजगढ़ पुलिस थाने से संबंधित है जहां पर नपाध्यक्ष द्वारा डराने व धमकाने एवं झूठे प्रकरणों की धमकी के बाद सहमी हुई पीड़िता व उसका परिवार जैसे तैसे थाने पहुंचा और वहां पर एफआईआर के लिए अपना आवेदन दिया, जिस पर पुलिस ने जांच कर एफआईआर का आश्वासन दिया, परंतु आज 5 दिन निकल गए हैं और पीड़िता परेशान होकर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची जहां पर न्याय की गुहार लगाई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष का एक वीडियो सामने आया था जिसमें महिला स्वास्थ्य कर्मी को गाली-गलौज और धमकी देते हुए नजर आ रहे थे। जिसके बाद महिला स्वास्थ्य कर्मी ने राजगढ़ थाना कोतवाली में राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पर मारपीट और गाली गलौज करने का मामला दर्ज कराया था।

#### बयान के लिए थाने बुलाया तो वहां पर नेताओं का था जमाबड़ा

जनप्रतिनिधि होते हुए नपाध्यक्ष की ज्यादातियों से परेशान होकर एक ओर पीड़ित महिला स्वास्थ्य कर्मी नेहा वर्मा जब राजगढ़ थाना कोतवाली मामला दर्ज कराने पहुंचीं तो पहले तो एफआईआर दर्ज करने से मना कर दिया गया। उसके बाद जब बयान के लिए थाना कोतवाली ने नेहा वर्मा को थाने बुलाया गया तो वहां पीड़िता के बयान दर्ज करने से पहले थाना प्रभारी और मौके पर मौजूद कुछ नेताओं ने पीड़ित महिला से कहा कि अगर तुमने मामला दर्ज कराया तो तुम्हारी नौकरी भी जा सकती है। तुम सस्पेंड होगी। राजगढ़ थाने की पुलिस का यह रवैया देखकर सवाल खड़े हो रहे। जिस पुलिस का काम है कि पीड़िता को न्याय दिलाने का वहीं पुलिस पीड़िता को धमका रही है। पांच दिन से अधिक समय होने के बावजूद भी पीड़िता नेहा वर्मा की रिपोर्ट नहीं लिखी गई।

#### महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने पहले ही कहा था झूठे केस में फंसाया जाएगा

राजनैतिक रसूक के चलते पीड़ित महिला पहले ही दो दिन बाद अपने घर से निकलकर पुलिस थाने पहुंच पाई। पीड़िता का कहना है कि उनके घर के आसपास दो दिनों तक असामाजिक तत्व घूमते नजर आए जिससे डर कर वह घर से नहीं निकली। वहीं पीड़िता का कहना है कि हमने पहले ही पुलिस को बता दिया था कि नपाध्यक्ष हमें झूठे केस में फंसा सकते हैं और कुछ ऐसा ही हुआ। पीड़िता के पति पर छेड़खानी का आरोप लगाया गया है जिसका आवेदन राजगढ़ थाने में दिया गया है। जिससे पीड़िता की आवाज दवाई जा सके।

**इनका कहना है...**

हां आवेदन आया है उसकी जांच चल रही है। जैसे ही जांच पूरी हो जाएगी तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

**बीरसिंह ठाकुर**, टीआई राजगढ़

# समर्पण और संस्कार का संगम पंचकुंडीय यज्ञ द्वारा प्रोग्रेसिव परिवार ने मनाया अपना 16 स्थापना दिवस



**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव परिवार ने अपना 16 स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। ब्यावरा शहर में प्रोग्रेसिव हाइटस की शुरुआत 2008 में की गई थी। इस खास मौके पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय ने सभी अभिभावकों व शिक्षकों के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दिन के इस दिन के अवसर पर गायत्री परिवार के साथ मिलकर पंच कुंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान छात्रों और अध्यापकों द्वारा पूर्ण आहुति दी गई। सभी ने मिलकर शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इस यज्ञ के अनुष्ठान से स्कूल के छात्रों ने यज्ञ की महत्वता और उसके आध्यात्मिक तथा भौतिक लाभों के बारे में सीखा यह यज्ञ ब्रह्मयंत्र,देव यंत्र, पितृयंत्र ,भूतयंत्र और मनुष्ययंत्र के रूप में संपन्न हुआ जो कि हर व्यक्ति के जीवन में शुद्धि और संचार का निर्माण करता है। स्थापना दिवस बनाने के साथ इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैदिक संस्कारों का प्रचार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ जिसमें सभी उपस्थित जनों ने संतोष और आनंद की भावना व्यक्त की। सभी ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया गायत्री परिवार के सदस्य हवलदार सिंह्, किशोर जनोरिया एवं समस्त गायत्री परिवार की उपस्थित मे कार्यक्रम का समापन सकारात्मक तौर पर हुआ।

# दस्तक अभियान का नपाध्यक्ष पालीवाल ने किया शुभारंभ



**सारंगपुर।** मंगलवार को विकासखंड सारंगपुर में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा दस्तक अभियान का शुभारंभ पोषण पुनर्वास केंद्र सारंगपुर में भर्ती बच्चों को विटामिन ए पिलाकर किया गया। दस्तक अभियान 25 जून से 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद राकेश पुष्पद बाबूलाल अहिरवार, कमल शर्मा, गोपाल पाल, सुनील बागवान, भानु सिंह लववंशी, स्वास्थ्य विभाग से मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ डी बड़ोदिया बीपीएम जगदीश दांगी, बीई ईश्री एसएन नागर एफडी पूजा शिवहरे, अरुण दीक्षित पर्वत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीण बैठे धरने पर, किया रोड जाम

### मामला खिलचीपुर-कुंडीबे मार्ग पर बाइपास रोड व रेलवे लाइन निर्माण कार्य का, बाइपास रोड और रेलवे विभाग वाले अधिकारियों से रखी रास्ते की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर से 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित कुंडीबे गांव के पास रेलवे विभाग द्वारा रेलवे लाइन का कार्य तीव्र गति से जारी है। वहीं एनएच का भी निर्माण कार्य विभाग द्वारा तीव्र गति से चल रहा है। गांव कुंडी बे रेलवे विभाग ओर नेशनल हाईवे दोनों के लिए बीचों - बीच सेंटर पर है, जिस पर बरसों से पक्का रोड शासन द्वारा दिया गया है।

रेलवे ओर बाइपास रोड के निर्माण कार्य में यह बरसों से बना पक्का रोड अड़चन बन रहा है इस वजह से रेलवे विभाग व बाईपास एनएच रोड विभाग ने कुंडी बे रोड को बन्द कर दिया है, इसके विरोध में दर्जनों गांव के ग्रामवासी जन धरने पर बैठ रोड को चालू कराने की मांग को लेकर धरने पर बैठे। धरने पर बैठे ग्रामीण जनों प्रेम सिंह, सत्यनारायण निवासी कुंडी बे, जगन्नाथ सिंह, मोतीलाल, सुल्तान निवासी मेहराजपुरा, श्री लाल, हरि सिंह, कमल सिंह, जगदीश, हजारीलाल, कन्हैया लाल, भगवान सिंह, उमराव सिंह, हीरालाल, नरपत सिंह, धीरप सिंह आदि ने मीडिया को बताया कि यह रास्ता कुंडी बे, बरखेड़ा, मेहराजपुरा, मोडाखेड़ी, मोया खेड़ा, देवाखेड़ी, कुआं खेड़ा, कछोटिया, ढिगलियाखेडी, सेदरा, अंबावता, बाजरोन आदि गांव के लोगों के आने जाने का मुख्य रास्ता है, हमें यह रास्ता बंद न कर ब्रिज बनाकर नीचे से यह रास्ता चालू रखा जावे ताकि हम दर्जनों गांव के लोग इस रास्ते से आ जा सके , इस रास्ते से खिलचीपुर की दूरी मात्र 3 किलोमीटर है यदि यह रास्ता बंद किया तो हमें 15 किलोमीटर की दूरी तय कर खिलचीपुर आना जाना पड़ेगा, ऐसे में दर्जनों गांव के बच्चों को स्कूल आने जाने में 15 किलोमीटर का घूम खाकर आना जाना पड़ेगा, जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मीडिया द्वारा हमारी आवाज शासन तक पहुंचे, ओर शासन के मुख्यमंत्री तथा जिम्मेदार अधिकारी हमारी समस्या को गहराई से समझ कर रेलवे ओर बाईपास एन एच के नीचे ब्रिज बनाकर इस रास्ते को बंद ना करते हुए ब्रिज के नीचे से चालू रखा जावे, यही हमारी मांग है। यदि हमारी मांग को शासन द्वारा पूरा नहीं किया जाता तो हम जीरापुर रोड पर बैठकर धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम करेंगे, जिला कलेक्टर महोदय हमारी समस्या को देखें ओर हमारी आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर हमें न्याय दिलाकर बरसों से बने रास्ते को चालू रखवाएं।

**इनका कहना है**

हम निरीक्षण कर रहे हैं कि रोड को कहां से डाइवर्ट करें, ताकि लोगों की समस्या का हल हो सके।

**सुनील कुमार**
एसडीएम खिलचीपुर।

# अभाविप ने दिया कॉलेज प्राचार्य को अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजगढ़ की ब्यावरा इकाई द्वारा नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। जिसमें कॉलेज अध्यक्ष जीत शिवहरे ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लगातार कॉलेज में आने वाली समस्याओं और कॉलेज की अनियमितताओं को लेकर प्राचार्य से बातचीत की गई। परंतु प्राचार्य द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न करते हुए बहाना ही दिया गया तब विद्यार्थियों को उचित आश्वासन प्राप्त न हुआ तो विद्यार्थियों ने विद्यार्थी परिषद के संज्ञान में विषयों को लाना उचित समझा। अभाविप के संज्ञान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में होने वाली अनियमिताओं को लाया गया है जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बार-बार कॉलेज प्रशासन को कॉलेज में होने वाली अनियमितताओ की सूचना देने पर और विद्यार्थियों द्वारा मांग करने पर उन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है जिनमें प्रमुख विषय है।



कॉलेज में परीक्षा चल रही है परंतु बार-बार देखने में आ रहा है कि परीक्षा के दौरान ही लाइट चली जाती है जिसकी कॉलेज व्यवस्था नहीं की गई। कॉलेज के शौचालय में लंबे समय से सफाई नहीं की जा रही। कॉलेज परिसर में लंबे समय से सफाई न करने के कारण जगह-जगह गंदगी दिखाई दे रही है। बार-बार प्राचार्य को अवगत कराने के बाद भी विद्यार्थियों के लिए सूचना की उचित व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षाओं के साथ-साथ प्रोजेक्ट और प्रैक्टिकल, सीसीए भी चल रहे हैं परंतु एक ही शिक्षक पर सभी जिम्मेदारी होने के कारण विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं जिसकी प्रशासन द्वारा अन्य कोई व्यवस्था नहीं की गई। महाविद्यालय में पार्किंग होते हुए भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की गाड़ियां कॉलेज में अंदर लाकर के गेट के सामने लगाई जा रही है और कुछ गाड़ियों में तेज आवाज करना स्वभाव बन गया है जिससे विद्यार्थियों को परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना होने की भी संभावना है। इसके पश्चात भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है एक विद्यार्थी की पार्किंग एरिया से बाइक चोरी हो गई जहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद पाएगा जब प्रचार से पूछा तो प्राचार्य द्वारा भी बहाना बना दिया गया और इसकी हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं बोल कर बात को टाल दिया गया। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए यह कहा जा सकता है कि महाविद्यालय प्रशासन कॉलेज में होने वाली अनियमितताओ को देखकर भी कार्रवाई न करने के कारण कॉलेज प्रशासन का लचीलापन दिखाई दे रहा है जो कि महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों के लिए उचित नहीं है अतः अभाविप आपसे आग्रह करती है कि उक्त विषयों को संज्ञान में लेकर तुरंत इन पर कार्यवाही करें।

# नपाध्यक्ष पालीवाल के प्रयासों से नपा सारंगपुर को मिली एक और सौगात

### एक ट्रैक्टर और मड पंप प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा लगातार नगर को सौगाते दी जा रही हैं। इसी क्रम में नगर सारंगपुर में एक ट्रैक्टर और मड पम्प शौचालय के टैंक खाली करने की मशीन की सौगात नगर को दी। गई भारत सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नगर में शौचालयों को खाली करने एवं मालासुर जैसी खतरनाक बीमारियों से बचने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पालिका सारंगपुर को शासन द्वारा मड पम्प प्रदाय किया गया है। जिससे नगर के वार्ड मोहल्लो व्यावसायिक इलाको के शौचालय के टैंक को नगर पालिका में निर्धारित शुल्क जमा कराकर खाली कराया जा सकेगा।

नगर पालिका कार्यालय में ट्रैक्टर ओर मड पंप की पूजन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें स्वच्छता सभापति अमित गिरजे पार्षदगण बाबूलाल अहिरवार गोपाल पाल राकेश पुष्पद कमल शर्मा सुनील बागवान भानुसिंह लाववंशी सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी एल एस डोडिया व नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### 'आपातकाल कांग्रेस की सबसे बड़ी भूल थी, इसे देश कभी माफ नहीं करेगा'

# आपातकाल देश के इतिहास का काला धब्बा, यह कांग्रेस की मानसिकता का प्रतीक : रणवीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

भारतीय लोकतंत्र में अपनी कुर्सी को बचाने स्व. प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया आपातकाल देश के संविधान पर कालिक पोतने वाला वह काला धब्बा था जो चिरकाल तक कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता रहेगा। भाजपा पर संविधान बदलने का दुष्प्रचार करने वाली कांग्रेस यह भूल गई की गांधी परिवार का इतिहास ही अपने स्वार्थ को बचाने के लिए संविधान को तोड़मरोड़ कर लोकतंत्र को कुचलने वाला रहा है।

गांधी परिवार की बहु और आज कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी उस समय भी परिवार में मौजूद थीं, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए तानाशाही अपनाते हुए 1975 में आपातकाल लगाकर देश के संविधान को कुचला था और लोकतंत्र की हत्या की थी।






उक्त उद्गार मंगलवार को मंडी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में निशा बंधिया का सम्मान करते हुए आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक रणवीर सिंह रावत ने व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा अपने स्वार्थ के लिए लगाया गया आपातकाल कांग्रेस की सबसे बड़ी भूल थी। इसे देश कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस के नेता संविधान को बदलने का दुष्प्रचार भाजपा के लिए कर रहे हैं, उस संविधान का गला घोंटने वाली तो स्वयं कांग्रेस है, जिसने हजारों राष्ट्र भक्तों को जेल में डालकर यातनाएं दी। कांग्रेस के उस काले इतिहास की 50वीं बरसी पर हमने मीसाबंदियों का सम्मान कर मनाने का निर्णय लिया।

#### मीसाबंदियों के परिजनों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान ब्यावरा शहर के मीसाबंदियों का स्मरण करते हुए उनके परिजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलबर यादव, दीपेंद्र सिंह चैहान, मोना सुस्तानी, जगदीश पवार, जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर, रामनारायण दांगी, मानसिंह टोका, शैलेश गुप्ता, कमल सिंह पवार, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, सह मीडिया प्रभारी जगदीश दास, राजू यादव, ब्यावरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह उपस्थित थे। संचालन साकेत शर्मा ने किया व आभार राधेश्याम पचवार्या ने माना।

**खबर संक्षेप**

### पौधे लगाना बहुत ही जरूरीः न्यायाधीश



**आष्टा।** प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधे के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। यह बातें नगर पालिका में पंच-ज अभियान के तहत विधिक साक्षरता जागरूकता के आयोजन में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एम एनएच रजवी ने कहीं। जिसमें सर्वप्रथम पौधारोपण किया गया। जिसमें वातावरण के अनुकूल पौधें लगाए गए। उसके पश्चात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्री रजवी ने स्थायी निरंतर लोक अदालत की जानकारी दी गई। उक्त शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, राय सिंह मेवाड़ा, पार्षद, नगर पालिका कार्यालय के कर्मचारी व न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सोयाबीन में आ गई 200 रुपए की गिरावट

**आष्टा।** इस समय नगर की किसी उपज मंडी में आवक में लगातार कमी देखी जा रही है। इसकी वजह यह है कि किसान इस समय बोवनी के कार्य में लगा हुआ है। जिन किसानों के सोयाबीन बोवनी करने के बाद बच गए हैं वह मंडी लाकर बेच रहे हैं। बीज के समय जहां सोयाबीन महंगे दामों मिल रहा था वहीं अब उसके भाव में गिरावट देखी जा रही है। आवक 9446 क्विंटल पर सिमट गई। कृषि उपज मंडी में चना कांटा 4350 से 6460, चना मौसमी 6000 से 6420, सोयाबीन पीला 2360 से 4620, मसूर 3400 से 6270, राई 5112 से 5172 भाव बिका।

## राजस्व मंत्री ने आष्टा के नवीन थाना भवन का किया लोकार्पण

# सज्जनों का सम्मान करें और दुर्जनों के विरुद्ध हो कठोर कार्रवाई : राजस्व मंत्री

विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रदेश के थानों का उन्नयन तथा नवीन भवनों की दे रहे हैं सौगात।



हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर तथा डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने आष्टा के नवीन थाना भवन का लोकार्पण किया। यह नवीन थाना भवन 94 लाख रूपये की लागत से 5535 वर्गफीट क्षेत्रफल मे बना है। शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि नवीन थाना भवन में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने से पुलिस बेहतर ढंग से कार्य संपादन कर सकेगी। वर्मा ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा में 24 घंटे उपलब्ध रहती है और हर परिस्थिति में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे समर्पित भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है। वर्मा ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सज्जन लोगों का सम्मान होना चाहिए और दुर्जनों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि थाने परिसर का वातावरण और पुलिस का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि थाने में आने वाले व्यक्ति को यह लगे कि उसके साथ न्याय होगा। राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि लोगों के काम सुगमता से हो सकें इसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी कामों के लिए लोगों को भटकना न पडे इसके लिए प्रदेश में राजस्व महाभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 30 लाख से भी अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### मुख्यमंत्री थानों का उन्नयन तथा नवीन भवनों की दे रहे हैं सौगातः विधायक

विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए पुराने थाना भवन में पर्याप्त स्थान नही था। इस नवनिर्मित भवन से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ ही पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी कार्य संपादन करना पहले से अधिक सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के सभी थानों को उन्नयन और नये थाने की सौगात दे रहे है। डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि इस नवीन सर्वसुविधायुक्त थाना भवन से पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को कार्य संचालन में सुविधा होगी और थाने में आने वाले नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।





### सर्वसुविधायुक्त थाना भवन से पुलिस की कार्यक्षमता में होगी वृद्धिः कलेक्टर

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने नवीन थाना भवन के लोकार्पण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां कार्य संपादित करने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे व्यापार हो या अन्य कोई व्यवसाय हो या अन्य कोई सेवा हो, प्रत्येक व्यक्ति के काम एक समय निर्धारित होता है, लेकिन पुलिस का कोई निर्धारित समय नही है, उन्हें जनता की सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रहना पडता है।

### नवीन भवन से नागरिकों को और अधिक बेहतर सेवाएं दे पाएगी पुलिसः एसपी

एसपी मंयक अवस्थी ने कहा कि कानून व्यवस्था की दृष्टि से आष्टा थाना महत्वपूर्ण है। बढती जनसंख्या और कानून व्यवस्था की चुनौतियों को देखते हुए भवन की आवश्यकता थी। उन्होंने बताया कि 94 लाख रूपये की लागत से निर्मित यह थाना भवन वर्तमान समय की सभी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बनाया गया है। थाना भवन में महिलाओं, बच्चों के लिए पृथक कक्ष बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस थाना भवन की खास बात यह है कि वर्षा के जल संरक्षण के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे इस परिसर के भू-जल में वृद्धि होगी। इस अवसर पर आष्टा जनपद पंचायत अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, रायसिंह मैवाडा तथा धारासिंह पटेल सहित गणमान्य नागरिक और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर सामान की कुर्की

## फीस वृद्धि पर कलेक्टर ने सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल पर लगाया था जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर सीहोर नगर तहसीलदार नीलम परसेंडिया के नेतृत्व में राजस्व विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा नगर पालिका की टीम द्वारा सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा जुर्माने की राशि जमा नही करने पर कुर्की की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई कुर्की की कार्रवाई में लगभग दो लाख रुपये मूल्य के संस्था के 15 कंप्यूटर जब्त किए गए। उल्लेखनीय है कि सीहोर के सेन्ट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा फीस वृद्धि और एक ही दुकान से छात्र-छात्राओं को पुस्तकें खरीदने की शिकायतें प्राप्त हुई थी।

शिकायत सही पाये जाने पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सेन्ट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। साथ ही जुर्माने की राशि सात दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिए थे। सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल की 14 जुलाई 2023 को फीस वृद्धि तथा छात्र-छात्राओं द्वारा एक ही दुकान से पुस्तकें क्रय करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में संबंधित स्कूल के प्राचार्य/संचालक को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था। सूचना पत्र का जवाब समाधान कारक नहीं पाए जाने पर 18 दिसंबर 2023 को कलेक्टर प्रवीण सिंह ने चार सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच करने के निर्देश दिए गए थे। जांच दल द्वारा संस्था प्रबंधन को शिकायतों का निवारण करने के लिए कहा गया।

जिनमें संस्था प्रबंधन छात्र - छात्राओं से जो फीस वृद्धि की गई है, उन्हें पालकों को वापस करने के लिए कहा गया एवं छात्र-छात्राओं की पुस्तके जो कि एक ही दुकान से विक्रय हो रही है, उसे न्यूनतम तीन दुकानों पर विक्रय कराने एवं छात्र-छात्राओं की धार्मिक आस्थाओं पर ठेस न पहुंचाने एवं बच्चों पर किसी भी प्रकार का अनावश्यक दबाव नहीं बनाने के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही बढाई गई फीस को अधिनियम की धारा अनुसार 30 दिवस के भीतर पालको को वापिस करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन संस्था प्रबंधन द्वारा आज तक पालकों को फीस वापिस नहीं की गई। निर्देशों की अवहेलना करने पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने स्कूल शिक्षा मंत्रालय, सरकार द्वारा संस्था के संचालक/प्राचार्य पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था।

# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने राजस्व मंत्री का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭कोठरी

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा दिनांक 26 जून को आष्टा के नवनिर्मित पुलिस थाने के उदघाटन के लिए जा रहे भोपाल से आष्टा के बीच कोठरी नगर परिषद में अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति, उपाध्यक्ष प्रीति युवराज सिंह द्वारा राज्य मंत्री का बड़े ही गर्म जोशी से भव्य स्वागत किया गया। उक्त स्वागत सम्मान समारोह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेन्द्र कुमार जाटव पाषर्दगण ललता विजय सिंह, सीमा मुकेश भेण्डी, ऋचा संजय पटेल, सीमा जितेन्द्र आजाद, रितु शिशुपाल, देवकरण बकोरिया, राजपाल खेरी, मदनलाल वर्मा ,मनीषा दिनेश चौधरी, भाग्यश्री रितेश पटेल, सीमा जगदीश मेंचन, बबीता धरमसिंह एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।

# नशा रोकने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिद्दिगंज

पुलिस मुख्यालय और वरिष्ठ अधिकारीगणों, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी जिला सीहोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर अनुभाग आष्टा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरी. गोपिन्द्र सिंह राजपूत व थाना स्टाफ द्वारा ग्राम सिद्दीकगंज में निवासीगणों को एकत्रित कर नशामुक्ति जनजागृति अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम किया गया। जिसमें वहां स्थित लोगों को थाना प्रभारी ने नशे से दूर रहने व नशे के कुप्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके अलावा स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है और शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। आज स्कूल, कॉलेज व गांवों में छोटे-छोटे कस्बों के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग और विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही मानव समाज की भलाई है। उन्होंने कहा कि आज कल अक्सर ये देखा जा रहा है कि युवा वर्ग इसकी चपेट में दिनों-दिन आ रहा है वह तरह-तरह के नशे जैसे- तम्बाकू, गुटखा, बीडी, सिगरेट और शराब के चंगुल में फंसता जा रहा है व इससे जुड़े काले धंधों में लिप्त होकर जीवन बर्बाद कर रहा है। हमें इससे बचना चाहिए। इस दौरान नशा ना करने की शपथ दिलवाई।



# विधायक से मिला होटल व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल, किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭आष्टा

होटल व्यापारी संघ मेन के नव निर्वाचित अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल और संरक्षक धनरूपमल जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक निवास पर पहुंच कर उनसे भेंट की और परिचय कराया। विधायक निवास पर पहुचे नए अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल, संरक्षक धनरूपमल जैन का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने शाल और साफा बांध कर सभी को मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया। विधायक ने मिले नए दायित्व के प्रति बधाई देते हुए कहा की आप सभी स्वतंत्र होकर व्यापार करे, आपको कही भी, कभी भी अगर कभी भी कोई परेशानी आये तो आपका ये विधायक आप सबके साथ हमेशा खड़ा है। इस अवसर पर उपस्थित प्रभात धाड़ीवाल डायरेक्टर ऑल इंडिया व्यापारी संघ, तेज सिंहराठौड़ पार्षद, वीरेंद्र ठाकुर जवार, उत्थान धरवा और आष्टा होटल व्यापारी संघ मेन के व्यापारी सदस्य गण मुकेश जैन, दिलीप वशिष्ट, नरेश लक्ष्मी, उज्वल जैन, पवन श्रीमाल, मुकेश मेवाड़ा बाबा, संजय वशिष्ठ, मनोहर मेवाड़ा, नरेश खत्री, किशोर वशिष्ठ, हर्ष राठौर ,भानु मेवाड़ा लोकेंद्र वशिष्ट उपस्थित थे।

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा पांच दिवसीय श्रीहरिकथा का हुआ आयोजन

# सीता और उर्मिला का आदर्श पत्नी धर्म अति विलक्षणः आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭श्यामपुर



दिव्य ज्योति जागृति संस्थान शाखा श्यामपुर के तत्वावधान में गत सप्ताह ग्राम अजगरा-अजगरी चाचौड़ा में पांच दिवसीय श्रीहरिकथा और भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन अपने गरिमामय शैली में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत आशुतोष महाराज की दिव्य कृपा से श्रीरामचरितमानस श्रीमद्भागवत वेद उपनिषद पुराण व संत महात्माओं ऋषिगणों की वाणी के आधार पर भगवान शिव-सती-पार्वती संवाद, प्रभु श्रीराम श्रीकृष्ण के धर्म संस्थापनार्थ अभियान, देवी सीता उर्मिला का विलक्षण पत्नी धर्म, विपत्तिकाल में भक्त प्रहलाद की रक्षा हेतु नरसिंह भगवान का प्राकट्य, श्रीरामकाज हेतु हनुमान जी की निष्काम सेवाभक्ति, भक्तिमति मीराबाई द्वारा सामाजिक कुप्रथाओं के विरूद्ध क्रांतिकारी भूमिका एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महान भूमिका इत्यादि प्रसंगों के माध्यम से स्वामी महादेवानन्द ने ज्ञानामृत की वर्षा की। संगीतकार बंधुओं ने सुंदर भजन प्रस्तुत किये। ज्ञानामृत से बड़ी संख्या में पधारे श्रद्धालु श्रोता बंधुओं ने कथा में आत्मिक आनन्द का रसपान किया। ध्यानशिविर में जिज्ञासु बंधुओं ने परम पूज्य दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की कृपा से ब्रह्मज्ञान की दीक्षा द्वारा ईश्वर तत्व के सनातन स्वरूप का दिव्य दर्शन कर जीवन में धर्मपथ का श्रीगणेश किया।

यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि श्रीहरिकथा का भव्य आयोजन अतर सिंह मीना, बदन सिंह एवं व्यंकट सिंह के परिवार की ओर से इस वर्ष दूसरी बार किया गया। जिसके लिए संस्थान की ओर से पूरे परिवार को शुभभकामनाओं के साथ हृदय से आभार व्यक्त किया गया। कथा में श्रद्धालु श्रोता बंधुओं व बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति माताओं बहनों सहित पूर्व विधायक ममता मीना रघुवीर सिंह मीना, भारत सिंह मीना इत्यादि नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने कार्यक्रम की हृदय से सराहना की। प्रभु श्रीराम के धर्म संस्थापना के महान अभियान के अंतर्गत कुछ विशिष्ट प्रसंगों को प्रस्तुत करते हुए स्वामी जी ने उपस्थित जनमानस को बताया कि प्रभु श्रीराम का चरित्र देदीप्यमान है। राजपाठ नहीं, वे वनवास में भी प्रसन्न हैं, अर्थात वे सदैव सम अवस्था में रहते हैं। चित्रकूट में कौशल्या से पहले उन्हें वनवास दात्री माता कैकेयी को वे सबसे पहले प्रणाम करते हैं। यह कृत्य उनकी महान उदारता को प्रदर्शित करता है। शौर्य-वीरता की बात करें तो खरदूषण त्रिशिरा जैसे शक्तिशाली राक्षसों को वे कहते हैं कि तुम जैसे असुरों को मारना हमारे लिए मृगों से खेलने के समान है।

जब जटायु वीरगति को प्राप्त हुए तब उनसे कहते हैं कि सुरधाम में पिताश्री दशरथ से सीता हरण का समाचार नहीं कहियेगा। नहीं तो वे दुःखी होंगे। हम रावण को कुल सहित मारकर सुरधाम भेज देंगे । तब वे स्वयं जाकर यह संदेश देंगे, तो यह ज्यादा उचित होगा। यह उनकी असीम निर्भयता और अदम्य साहस को दर्शाता है। रामायण में एक ओर प्रभु श्रीराम के चरित्र से एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भ्राता, आदर्श पति, आदर्श नायक की झलक देखने को मिलती है। श्रीपवनसुत हनुमान जी के चरित्र से आदर्श सेवक का प्रतिमान तो लक्ष्मण जी के चरित्र से वनगमन में प्रभुश्रीराम व माता सीता की सेवा हेतु उनके साथ 14 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि हेतु जाने के लिए वैराग्य की उच्च पराकाष्ठा प्रकट होती है। आशुतोष महाराज अखिल विश्व के समस्त जनमानस को सम्बोधित करते हुये प्रेरित करते हैं कि हमारे समाज में विवाहोपरांत नारी को धर्मपत्नी कहा जाता है। अर्थात वो जो धर्म की धारिणी हो । वो जो स्वयं भी धर्मपथ की अनुगामिनी हो तथा अपने पति को भी धर्म-पथ पर प्रशस्त करती हो, वही सच्ची धर्मपत्नी है। आदर्श धर्म सहचरी अथवा आदर्श धर्मपत्नी की भूमिका प्रभुश्रीराम की भार्या जनकदुलारी सीता से सीखने को मिलती है। जिन्होंने राजमहल की सुख-सुविधाओं को त्यागकर श्रीराम के साथ दुर्गम वनगमन को चुना। भोग रोग सम भूषन भारू। सीता कहती हैं कि श्रीराम के बिना राजमहल के सुखभोग तो रोग के समान हैं । वहीं दूसरी ओर लक्ष्मण की भार्या देवी उर्मिला के जीवन से आदर्श धर्म-विरहिणी की त्यागमयी जीवनयात्रा का चयन अहंरहित विशुद्ध प्रेम की शिक्षा बेहद प्रेरणाप्रद है ।

श्रीहरिकथा कार्यक्रम के आयोजक अतर सिंह मीना, बदन सिंह एवं व्यंकट सिंह ने कार्यक्रम व्यवस्था हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त आयोजक परिवार के साथ-साथ श्रद्धालु श्रोताबंधुओं माताओं-बहिनों व सेवा कार्य में संलग्न सदस्यों गीता मीना, प्रद्युम्न सिंह मीना, होशियार सिंह, मनीष, निकित, भूपेंद्र, ओमप्रकाश, पर्वत सिंह, गोविंद राठौर, यशराज इत्यादि सेवाकार्य में सक्रिय सदस्य बंधुओं एवं बहनों के लिए संस्थान की ओर से स्वामी ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ आचार्य अभ्यास वर्ग



हरिभूमि न्यूज ⏭जावर

आचार्य अभ्यास वर्ग के प्रथम दिवस पर मां सरस्वती प्रणवाक्षर ओम भारतमाता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया।

जिसमें स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के सचिव बाबूलाल पटेल, समिति सदस्य कैलाश सोलंकी, प्राचार्य हरपाल सोलंकी, अतिथि उद्बोधन में भारतीय संस्कृति एवं नालंदा विश्वविद्यालय की शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। आज भी लोगों की मानसिकता के द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी के साथ और विघालय विकास देश में अभी लोकतंत्र का महान पर्व के माध्यम से चुनाव हुआ,देश में पर्यावरण को बचाना इसलिए देश में मां के नाम से एक पेड़ लगाकर 1952 में प्रथम विघालय गोरखपुर में प्रारंभ किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई थी। संघ के 2025 में 100 वर्ष पूरे होने पर देश अन्य गतिविधि एवं राष्ट्र को सुरक्षित करने का संकल्प लिया अतिथि का परिचय सुरेन्द्र शर्मा ने कराया। अतिथि स्वागत मनोहर लाल शर्मा ने किया, संगीता ठाकुर, कार्यक्रम का संचालन सोबाल सिंह ठाकुर ने किया। आचार्य परिवार विजेंद्र सिंह, सागर सिंह, अभिषेक, अल्का शर्मा, रानू भरेवा, मनीषा, प्रियंका, संतोष चौहान, ममता शर्मा,नीलू ठाकुर, बेबी पाटीदार, सुलोचना ठाकुर, रुपम महेश्वरी, रीतू ठाकुर उपस्थित रहे।